# मैंने लिख दी अर्ज़ी सांवरिया पढ़ के देख भजन लिरिक्स

मैंने लिख दी अर्ज़ी सांवरिया पढ़ के देख,
मैं तेरा हो जाऊँ कुछ लिख दे ऐसे लेख,
श्याम धणी खाटू वाले बस इतना कर दे तू,
कुछ और ना मांगू मैं तुमसे मेरी तो दुनिया तू,
कुछ और ना मांगू मैं तुमसे मेरी तो दुनिया तू।**bd**।

---

मतलब के रिश्तें नाते इस दुनियादारी में,
बस धोखे ही खाये अपनो की यारी में,
उम्मीद मेरी है बस तुमसे मेरी भी सुनेगा तू,
कुछ और ना मांगू मैं तुमसे मेरी तो दुनिया तू।**bd**।

---

जब थी खुशियां पास मेरे दुनियां ने गले लगाया,
दु:ख के बदल क्या छाए फिर सबने किया पराया,
हार के आया दर पे तेरे मेरा बन जा तू,
कुछ और ना मांगू मैं तुमसे मेरी तो दुनिया तू।**bd**।

---

तेरी महिमा सब जग जाने तू है तारणहार,
शरणागत को गले लगा जी भर के लुटाता प्यार,
'टोनी' जाने प्रीत तेरी सारी उम्र निभाएं तू,
कुछ और ना मांगू मैं तुमसे मेरी तो दुनिया तू।**bd**।

---

मैंने लिख दी अर्ज़ी सांवरिया पढ़ के देख,
मैं तेरा हो जाऊँ कुछ लिख दे ऐसे लेख,
श्याम धणी खाटू वाले बस इतना कर दे तू,
कुछ और ना मांगू मैं तुमसे मेरी तो दुनिया तू,
कुछ और ना मांगू मैं तुमसे मेरी तो दुनिया तू।**bd**।

**Singer / Lyricist – Sukhjeet Singh Toni**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com